**06/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सेवारत कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (DA) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (DR) में दो प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। इसके साथ ही दर अट्ठावन प्रतिशत से बढ़ाकर साठ प्रतिशत कर दी गई है, जो एक जनवरी 2026 से ही प्रभावी होगी। बढ़ा हुआ DA अरुणाचल प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत ऑल इंडिया सर्विस अधिकारियों, राज्य सरकार में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत केंद्र सरकार के कर्मचारियों तथा सभी नियमित राज्य सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा। इसी प्रकार, बढ़ा हुआ DR सभी पेंशनभोगियों पर लागू होगा। इस निर्णय से राज्य के लगभग उनहत्तर हज़ार दो सौ अड़तालीस नियमित कर्मचारी एवं चालीस हज़ार चार सौ सतहत्तर पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। श्री खांडू ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे भी जनता के कल्याण के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे और अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुँचाएंगे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुपता ने मंगलवार को ईटानगर में ग्यारहवीं राज्य ब्रॉडबैंड समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सदस्य, टेलीकॉम सेवा प्रदाता - TSP और अन्य हितधारक शामिल हुए। बैठक में अरुणाचल प्रदेश में दूरसंचार और डिजिटल

अवसंरचना की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें 130 ब्लॉक मुख्यालयों तक कवरेज भी शामिल था। बैठक में 4G सैचुरेशन, भारतनेट, DBN फंडेड परियोजनाओं और मौजूदा अवसंरचना के बेहतर उपयोग पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने Right of Way मंजूरियों को तेज करने, “Call Before You Dig” प्रणाली अपनाने, ऑप्टिकल ग्राउंड वायर के उपयोग और 5G रोलआउट की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने समयबद्ध कार्रवाई और बेहतर समन्वय के जरिए कनेक्टिविटी को तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने TSP से विशेष रूप से दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में भरोसेमंद और समय पर नेटवर्क विस्तार सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

शिक्षा राज्य मंत्री पी.डी. सोना दवारा आज ईटानगर के जोलांग स्थित हीम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय भाषाओं के लेखन में देवनागरी लिपि की भूमिका पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया गया। यह कार्यशाला शिक्षा मंत्रालय के हिंदी निदेशालय द्वारा दोन्यी पोलो सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख भाषाविदों, विद्वानों और सामुदायिक संगठनों द्वारा भगा लेते हुए जनजातीय भाषाओं के लेखन को सशक्त बनाने, पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने तथा समावेशी साक्षरता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया।

000000000000000000000000

विधायक नाबाम विवेक ने आज ईटानगर में **‘द पाथ ऑफ लाइट: नामसाई 2026’** आध्यात्मिक शिविर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चार दिवसीय कार्यक्रम आध्यात्मिक अभ्यास, माइंडफुलनेस और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से मानसिक शांति और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, सुधार और परिवर्तन के लिए एक सहयोगी वातावरण प्रदान करना है।

000000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत ईस्ट सियाङ पुलिस ने पासीघाट में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से संदिग्ध हेरोइन और गांजा बरामद किया। आरोपी से सभी जब्त वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया है। इस बीच, ईस्ट सियांग के पुलिस अधीक्षक पंकज लांबा ने पूरी टीम और एंटी ड्रग स्क्वाड - ADS के प्रयासों की सराहना की और जिले की पुलिस की नशा संबंधी अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जनता से सतर्क रहने और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया, यह भी कहा कि नशामुक्त ईस्ट सियांग के लक्ष्य को प्राप्त करने में सामुदायिक सहयोग बेहद ही ज़रूरी है।

00000000000000000000000

पासीघाट स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने ईस्ट सियांग जिले में अत्यंत मूल्यवान Cordyceps मशरूम की पहचान की है। कम ऊँचाई वाले क्षेत्र में इसकी उपस्थिति दुर्लभ और वैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है। “हिमालयन गोल्ड” के नाम से प्रसिद्ध यह मशरूम अपने शक्तिशाली जैव सक्रिय तत्वों जैसे Cordycepin और **एडेनोसिन** के लिए जाना जाता है, जो प्रतिरक्षा बढ़ाने, सूजन से लड़ने, मेटाबोलिक स्वास्थ्य सुधारने और कैंसर अनुसंधान में सहायक माने जाते हैं। 00000000000000000000000

पासीघाट में वरिष्ठ नागरिक डे-केयर सेंटर **‘आयी के एकुम’** का तीसरा स्थापना दिवस का आयोजन आज किया गया। जिसमें कुल छत्तीस बुजुर्ग सदस्यों ने भाग लिया। यह पहल मुख्य रूप से बुजुर्गों को सहयोग प्रदान करने के लिए है जिसका उद्देश्य उन्हें एक ऐसा समावेशी वातावरण देना है, जहाँ भावनात्मक जुड़ाव, सम्मान और अपनापन महसूस कर सकें।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 12 ज़िलों वेस्ट कामेङ, ईस्ट कामेङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, अपर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, लोअर दिबाङ वैली, लोहित और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के

साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलेर्ट जारी किया हैं। 0000000000000000000000

सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी का वितरण सामान्य बना हुआ है और किसी भी वितरक के यहाँ गैस की कमी नहीं है। नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी मीडिया ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद सरकार उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति और व्यावसायिक सिलेंडरों के लिए सत्तर प्रतिशत तक आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग पंचानबे प्रतिशत एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड के माध्यम से की जा रही है।

0000000000000000000000